एमएनएनआईटी लखनऊ चैप्टर की पिकनिक एवं जलवायु शमन जागरूकता प्रगति

Tuesday, February 20, 2024 8 hours ago 2 Views

लखनऊ : एमएनएनआईटी लखनऊ चैप्टर के लगभग परिवार के साथ 40 सदस्यों ने चिड़ियाघर जाकर पिकनिक मनाई और चिड़ियाघर के बारादरी में खेलों व संगीत द्वारा मनोरंजन का लुफ्त उठाया। इसीक्रम में दोपहर के भोजन का भी आनंद भी लिया तथा नुक्कड़ नाटक द्वारा प्रकृति की रक्षा करने हेतु पेड़-पौधे लगाने, अक्षय ऊर्जा के स्रोतों का उपयोग कर कार्बन को कम कर पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त बनाने की शपथ ली। प्रतिभागियों को गिफ्ट देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया तथा मंजीत सिंह के अथक प्रयास की सराहना भी अध्यक्ष द्वारा की गयी|

इस अवसर पर लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष प्रो वीके सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष इंजी. भरत रॉय, पर्यावरणविद् प्रोफेसर भरत राज सिंह, सुनील जी गर्ग, कोषाध्यक्ष सुनीत वर्धन, डीके भंडारी, आर.के. गोयल, के.एल. वर्मा, डॉ. अमल के सरकार, राजेश निगम, एस.के. गुप्ता, शैलेश अग्रवाल, आशुतोष कुमार, सत्येन्द्र कुमार और शुभम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

---

https://prahrinews.com/archives/73957